अम्बे मैया का जयकारा

महिमा तेरे नाम की गायें सुर नर मुनि संसार
सब पे कृपा बरसाती मैया सबको करती प्यार

बोलो बोलो बोलो अम्बे मैया का जयकारा
गाओ गाओ गाओ शेरावाली का जयकारा
दौड़ी चली आई दुःख में जिसने पुकारा
बोलो बोलो बोलो ....

एक तेरा दर है साँचा झूठा संसार है
ममता की मूरत हो माँ तू ही पालनहार है
सबकी किस्मत को माँ तूने ही संवारा
बोलो बोलो बोलो ....

जब तू बुलाये माता दर्शन को आऊं
जब तू बुलाये मैया दर्शन को आऊं
तेरे चरणों में मैया शीश झुकाऊं
दुनिया जो छूटे ना छूटे तेरा द्वारा
बोलो बोलो बोलो ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18746/title/ambe-maiya-ka-jaikaara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |